**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 4303**

**Series : SS-M/2019**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* **8** *तथा प्रश्न* **11** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



www.mseducationtv.com

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(i) परदे पर दिखाई गई तसवीर के ओंठों पर क्या थी ?

(क) जगमगाहट (ख) कसमसाहट

(ग) गुनगुनाहट (घ) सनसनाहट

(ii) भाषा को घुमाने-फिराने से बात कैसी हो जाती है ?

(क) पेचीदा (ख) सरल

(ग) दिव्य (घ) सौम्य

(iii) निराला ने अट्टालिकाओं को क्या कहा है ?

(क) ऐश्वर्य भवन (ख) सौन्दर्य सदन

(ग) भव्य भवन (घ) आतंक भवन



www.mseducationtv.com

(iv) भरत के बाहुबल एवं शील के प्रशंसक का नाम लिखिए :

(क) मयंद (ख) अंगद

(ग) सुग्रीव (घ) पवनकुमार

(v) साहित्य का रसायन क्या है ?

(क) श्रद्धा (ख) सम्मान

(ग) कल्पना (घ) जल्पना

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

यह विचार–वैभव सब
दृढ़ता यह, भीतर की सरिता यह अभिनव सब
मौलिक है, मौलिक है
इसलिए कि पल-पल में
जो कुछ भी जाग्रत है अपलक है
संवेदन तुम्हारा है !

**अथवा**

सबसे तेज बौछारें गईं भादों गया
सवेरा हुआ
खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा
शरद आया पुलों को पार करते हुए
अपनी नई चमकीली साइकिल तेज चलाते हुए।



www.mseducationtv.com

**3.** रघुवीर सहाय ***अथवा*** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' के जीवन, रचनाओं एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 3

भोर का नभ
बहुत काली सिल जरा से लाल केसर से
कि जैसे धुल गई हो
स्लेट पर या लाल खड़िया चाक
मल दी हो किसी ने।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) 'पतंग' कविता का उद्देश्य लिखिए।

(ख) 'बगुलों के पंख' कविता का मूलभाव लिखिए।

(ग) 'गज़ल' की मूल चेतना पर प्रकाश डालिए।

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 5 = 5

(i) शिरीष की समानता का उपमान है :

(क) बकुल (ख) अशोक

(ग) अवधूत (घ) ईश



www.mseducationtv.com

(ii) चार्ली चैप्लिन का बड़ा गुण माना गया है :

(क) हास्य-प्रतिभा (ख) शृंगार-प्रतिभा

(ग) ओज-प्रतिभा (घ) भक्ति-प्रतिभा

(iii) लुट्टन सिंह के कितने पुत्र थे ?

(क) तीन (ख) दो

(ग) एक (घ) कोई नहीं

(iv) इंदर सेना का दूसरा नाम था :

(क) मेघ-मण्डल (ख) आखण्डल

(ग) पर्जन्य (घ) मेढक-मण्डली

(v) चूरन बेचने वाले को क्या कहते थे ?

(क) भगत जी (ख) नाथ जी

(ग) जोगी जी (घ) व्यास जी

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

दिन भर के कार्य-भार से छुट्टी पाकर जब मैं कोई लेख समाप्त करने या भाव को छंदबद्ध करने बैठती हूँ, तब छात्रावास की रोशनी बुझ चुकती है। मेरी हिरनी सोना तख्त के पैताने फर्श पर बैठकर पागुर करना बंद कर देती है। कुत्ता बसंत मचिया पर पंजों



www.mseducationtv.com

में मुख रखकर आँखें मूँद लेता है और बिल्ली गोधूलि मेरे तकिए पर सिकुड़कर सो रहती है।

**अथवा**

मन खाली नहीं रहना चाहिए। इसका मतलब यह नहीं है कि वह मन बंद रहना चाहिए। जो बंद हो जाएगा, वह शून्य हो जाएगा। शून्य होने का अधिकार बस परमात्मा का है जो सनातन भाव से संपूर्ण है। शेष सब अपूर्ण है।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) लुट्टन सिंह की पहलवानी का वर्णन कीजिए। 4

(ख) आदर्श समाज की कल्पना पर प्रकाश डालिए। 3

(ग) 'काले मेघा पानी दे' संस्मरण में भ्रष्टाचार पर किस प्रकार से व्यंग्य किया गया है ? 3

**9.** *'वितान' (भाग - 2)* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) यशोधर पंत के स्वभाव को रेखांकित कीजिए।

(ख) गुड़ के विषय में दादा के व्यापारिक ज्ञान पर प्रकाश डालिए।

(ग) मास्टर सौंदलगेकर के काव्य-ज्ञान का विश्लेषण कीजिए।



www.mseducationtv.com

(घ) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर बौद्ध स्तूप की संरचना का वर्णन कीजिए।

(ङ) ऐन फ्रैंक के नारी विषयक विचारों का विवेचन कीजिए।

**10.** (क) ***अभिव्यक्ति और माध्यम*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

(i) भारत में पहला छापाखाना कब खुला ?

(ii) किसी खबर का घटनास्थल से सीधा प्रसारण क्या कहलाता है ?

(iii) उलटा पिरामिड शैली के कितने भाग होते हैं ?

(iv) आमतौर पर रेडियो नाटक की अवधि कितनी मानी गई है ?

(ख) रेडियो नाटक लिखने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। 5

**अथवा**

फ़ीचर लेखन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'परीक्षा के दिन' ***अथवा*** 'मोबाइल का माहौल' विषय पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। 6

**11.** (क) निम्नलिखित के यथानिर्देश उत्तर दीजिए : $1 \times 3 = 3$

(i) जगज्जीवन (संधि विच्छेद कीजिए)।



www.mseducationtv.com

(ii) पुरः + धा (संधि कीजिए)।

(iii) स्वर संधि के कोई ***दो*** भेद लिखिए।

(ख) निम्नलिखित के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1 × 3 = 3

(i) अव्ययीभाव समास की परिभाषा लिखिए।

(ii) वनगमन (समास का विग्रह कीजिए)।

(iii) चक्रधर (समास का नाम लिखिए)।

(ग) वाक्य शुद्ध कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) श्याम और उसका भाई खेलने जाता है।

(ii) उदयपुर में अनेकों झीलें हैं।

(घ) (i) रूपक अलंकार की परिभाषा लिखिए। 1

(ii) 'जथा पंख बिनु खग अति दीना' में कौन-सा अलंकार है ? 1



www.mseducationtv.com

**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 4303**

**Series : SS-M/2019**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : B***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* **8** *तथा प्रश्न* **11** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



www.mseducationtv.com

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(i) पतंगों की ऊँचाइयाँ कैसी कही गई हैं ?

(क) फड़कती (ख) कड़कती

(ग) धड़कती (घ) सरकती

(ii) कवि से शरारती बच्चे की तरह कौन खेल रही थी ?

(क) बात (ख) रात

(ग) सौगात (घ) विमाता

(iii) भवितव्यता किसे डराती है ?

(क) संघाती को (ख) छाती को

(ग) बिलखाती को (घ) घराती को

(iv) 'विप्लव' शब्द का अर्थ क्या है ?

(क) क्षान्ति (ख) शान्ति

(ग) भ्रान्ति (घ) क्रान्ति



www.mseducationtv.com

(v) कैसे बादल छाए हुए थे ?

(क) विकरारे (ख) कजरारे

(ग) गोरे (घ) बिखरे

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

सुत बित नारि भवन परिवारा।
होहिं जाहिं जग बारहिं बारा।।
अस बिचारि जियँ जागहुँ ताता।
मिलइ न जगत सहोदर भ्राता।।

**अथवा**

झूमने लगे फल,
रस अलौकिक,
अमृत धाराएँ फूटतीं
रोपाई क्षण की
कटाई अनंतता की
लुटते रहने से जरा भी नहीं कम होती।

**3.** तुलसीदास ***अथवा*** आलोक धन्वा के जीवन, रचनाओं एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4



www.mseducationtv.com

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य लिखिए : 3

शस्य अपार, हिल-हिल, खिल-खिल,

हाथ हिलाते, तुझे बुलाते,

विप्लव-रव से छोटे ही हैं शोभा पाते।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) 'उषा' कविता में निहित प्रकृति-सौंदर्य की विवेचना कीजिए।

(ख) 'बात सीधी थी पर' कविता का मूलभाव लिखिए।

(ग) 'दिन जल्दी जल्दी ढलता है', के आधार पर आशा और निराशा के क्रम को स्पष्ट कीजिए।

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(i) बाजार को किसका जाल कहा गया है ?

(क) शैतान का (ख) हैवान का

(ग) देवताओं का (घ) मुनियों का

(ii) शिरीष के फूल को संस्कृत साहित्य में कैसा माना गया है ?

(क) कठोर (ख) चौकोर

(ग) प्रघोर (घ) कोमल



www.mseducationtv.com

(iii) भारतीय काव्यशास्त्र में क्या नहीं मिलता ?

(क) रस-सिद्धान्त (ख) करुणा का हास्य में बदलना

(ग) रीति-सिद्धान्त (घ) ध्वनि-सिद्धान्त

(iv) भक्तिन किससे डरती थी ?

(क) बादल से (ख) हिरन से

(ग) कारागार से (घ) संसार से

(v) जेठ के बाद कौन-सा महीना आता है ?

(क) आषाढ़ (ख) श्रावण

(ग) भाद्रपद (घ) चैत्र

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

आदर्श समाज में इतनी गतिशीलता होनी चाहिए जिससे कोई भी वांछित परिवर्तन समाज के एक छोर से दूसरे तक संचारित हो सके। ऐसे समाज के बहुविधि हितों में सबका भाग होना चाहिए तथा सबको उनकी रक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। सामाजिक जीवन में अबाध संपर्क के अनेक साधन व अवसर उपलब्ध रहने चाहिए।



www.mseducationtv.com

**अथवा**

जाड़े का दिन। अमावस्या की रात ठंडी और काली। मलेरिया और हैजे से पीड़ित गाँव भयार्त्त शिशु की तरह थर-थर काँप रहा था। पुरानी और उजड़ी बाँस-फूस की झोपड़ियों में अंधकार और सन्नाटे का सम्मिलित साम्राज्य ! अँधेरा और निस्तब्धता।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) बाजार के जादू का वर्णन कीजिए। 4

(ख) धर्मवीर भारती की जीजी की धार्मिक आस्था का चित्रण कीजिए। 3

(ग) चार्ली चैप्लिन की लोकप्रियता का विवेचन कीजिए। 3

**9.** *'वितान' (भाग - 2)* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) किशनदा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) यशोधर बाबू की बेटी की आधुनिकता को स्पष्ट कीजिए।

(ग) वसंत पाटील के विद्यार्थी जीवन का विवेचन कीजिए।

(घ) महाकुंड की संरचना का वर्णन कीजिए।

(ङ) मिसेज वान दान की प्रकृति का विश्लेषण कीजिए।



www.mseducationtv.com

**10.** (क) ***अभिव्यक्ति और माध्यम*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

(i) टेलीविजन किस प्रकार का माध्यम है ?

(ii) वेब साइट पर विशुद्ध पत्रकारिता शुरू करने का श्रेय किसे है ?

(iii) मीडिया में 'बीट' का क्या अर्थ है ?

(iv) रंगमंच किस विधा में होता है ?

(ख) कहानी का नाट्य रूपांतरण कैसे किया जाता है ? 5

**अथवा**

कथात्मक शैली का विश्लेषण कीजिए।

(ग) 'जातिवाद की समस्या' ***अथवा*** 'एक कामकाजी औरत' विषय पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। 6

**11.** (क) निम्नलिखित के यथानिर्देश उत्तर दीजिए : $1 \times 3 = 3$

(i) विसर्ग संधि की परिभाषा लिखिए।

(ii) वागीश्वर (संधि विच्छेद कीजिए)।

(iii) प्रति + अंग (संधि कीजिए)।



www.mseducationtv.com

(ख) निम्नलिखित के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : $1 \times 3 = 3$

(i) कर्मधारय समास की परिभाषा लिखिए।

(ii) ज्ञानकोश (समास का नाम लिखिए)।

(iii) हलधर (समास का विग्रह कीजिए)।

(ग) (i) श्लेष अलंकार की परिभाषा लिखिए। 1

(ii) 'शब्द के अंकुर फूटे' में अलंकार छाँटिए। 1

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए : $1 + 1 = 2$

(i) गधे भौंकते हैं।

(ii) सुन्दरतापन प्रशंसनीय है।



www.mseducationtv.com

**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 4303**

**Series : SS-M/2019**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : C***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



www.mseducationtv.com

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(i) पतंगबाजों के पैर कैसे कहे गए हैं ?

(क) साफ (ख) बेचैन

(ग) सुन्दर (घ) सपाट

(ii) दूरदर्शन का कार्यक्रम कैसा बनाया जाता है ?

(क) रोचक (ख) दिव्य

(ग) भव्य (घ) अतीन्द्रिय

(iii) 'परिवेष्टित' शब्द का अर्थ क्या है ?

(क) पगड़ीधारी (ख) जनेऊधारी

(ग) परिवर्तन (घ) चारों ओर से घिरा हुआ

(iv) 'निज जननी के एक कुमारा' पंक्ति किस पात्र ने कही है ?

(क) भरत ने (ख) लक्ष्मण ने

(ग) राम ने (घ) हनुमान ने



www.mseducationtv.com

(v) 'फितरत' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) आकर्षण (ख) विकर्षण

(ग) आदत (घ) सलामत

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

तिरती है समीर सागर पर
अस्थिर सुख पर दुख की छाया
जग के दग्ध हृदय पर
निर्दय विप्लव की प्लावित माया।

**अथवा**

कल्पना के रसायनों को पी
बीज गल गया निःशेष
शब्द के अंकुर फूटे
पल्लव पुष्पों से नमित हुआ विशेष।

**3.** तुलसीदास ***अथवा*** रघुवीर सहाय के जीवन, रचनाओं एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4



www.mseducationtv.com

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 3

बात ने, जो शरारती बच्चे की तरह
मुझसे खेल रही थी
मुझे पसीना पोंछते देखकर पूछा
क्या तुमने भाषा को
सहूलियत से बरतना कभी नहीं सीखा।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) लक्ष्मण के उपचार का वर्णन कीजिए।

(ख) उषा के सौंदर्य का विश्लेषण कीजिए।

(ग) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' कविता का उद्देश्य लिखिए।

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 5 = 5

(i) लेखक ने काल्पनिक जगत की वस्तु किसे कहा है ?

(क) ममता को (ख) समता को

(ग) उदारता को (घ) लघुता को



www.mseducationtv.com

(ii) 'कृषीवल' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) किसान (ख) मजदूर

(ग) बैल (घ) अन्न

(iii) अमृतसर और लाहौर से सम्बद्ध महिला कौन थी ?

(क) रतिया (ख) सुखिया

(ग) सफ़िया (घ) दतिया

(iv) कला का सम्बन्ध किससे है ?

(क) वेदांत से (ख) तर्कशास्त्र से

(ग) चिकित्साशास्त्र से (घ) साहित्य से

(v) दंगल का स्थान किसने ले लिया था ?

(क) क्रिकेट ने (ख) फुटबाल ने

(ग) घोड़ों की रेस ने (घ) भाला फेंक ने

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

लोग संयमी भी होते हैं। वे फिजूल सामान को फिजूल समझते हैं। वे पैसे बहाते नहीं हैं और बुद्धिमान होते हैं। बुद्धि और संयमपूर्वक वे पैसे को जोड़ते जाते हैं, जोड़ते जाते हैं। वे पैसे की पावर को इतना निश्चय समझते हैं कि उसके प्रयोग की परीक्षा उन्हें दरकार



www.mseducationtv.com

नहीं है। बस खुद पैसे के जुड़ा होने पर उनका मन गर्व से भरा फूला रहता है।

**अथवा**

अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है। हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बातें करते हैं पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं ? काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है, बैल पियासे के पियासे रह जाते हैं।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) भक्तिन के जीवन की विवेचना कीजिए। 4

(ख) 'नमक' पाठ के आधार पर वतन की स्मृति का विश्लेषण कीजिए। 3

(ग) लुट्टन सिंह के जीवन की त्रासदी का वर्णन कीजिए। 3

**9.** *'वितान' (भाग - 2)* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) घर बनाने के विषय में यशोधर बाबू के दृष्टिकोण का उल्लेख कीजिए।



www.mseducationtv.com

(ख) दादा ने आनंदा के साथ कैसा व्यवहार किया ?

(ग) मंत्री नामक मास्टर के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए।

(घ) रईसों की बस्ती का विश्लेषण कीजिए।

(ङ) सिनेमा-प्रेम को लेकर ऐन फ्रैंक के विचारों का विवेचन कीजिए।

**10.** (क) ***अभिव्यक्ति और माध्यम*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

(i) टी० वी० की खबरों के सन्दर्भ में ड्राई एंकर क्या है ?

(ii) उलटा पिरामिड शैली के सभी तीन हिस्सों के नाम लिखिए।

(iii) पूर्णकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ?

(iv) किन्हीं ***दो*** ककारों के नाम लिखिए।

(ख) विशेष लेखन के स्वरूप का वर्णन कीजिए। 5

**अथवा**

रेडियो नाटक लिखने की प्रक्रिया का विवेचन कीजिए।

(ग) 'सावन की पहली झड़ी' ***अथवा*** 'विद्यालय के अनुभव' विषय पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। 6



www.mseducationtv.com

**11.** (क) निम्नलिखित के यथानिर्देश उत्तर दीजिए : 1 × 3 = 3

(i) गायक (संधि विच्छेद कीजिए)।

(ii) रम् + अनीक (संधि कीजिए)।

(iii) स्वर संधि की परिभाषा लिखिए।

(ख) निम्नलिखित के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1 × 3 = 3

(i) पदयात्रा (समास का विग्रह कीजिए)।

(ii) चतुर्वेद (समास का नाम लिखिए)।

(iii) अव्ययीभाव समास की परिभाषा लिखिए।

(ग) (i) उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा लिखिए। 1

(ii) 'ऐ जीवन के पारावार' में अलंकार छाँटिए। 1

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) कृपया करके मुझे यह काम करने दो।

(ii) माधुर्यता एक गुण है।



www.mseducationtv.com

**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 4303**

**Series : SS-M/2019**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : D***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* **8** *तथा प्रश्न* **11** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



www.mseducationtv.com

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध्, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(i) नभ में पंक्तिबद्ध कौन थे ?

(क) हंस (ख) चातक

(ग) बगुले (घ) पिक

(ii) 'निकर' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) समूह (ख) निकट

(ग) निकष (घ) हस्त

(iii) 'शीर्ण शरीर' किसे कहा गया है ?

(क) बालक को (ख) महिला को

(ग) सैनिक को (घ) किसान को

(iv) पतंगबाजों के पैर कैसे कहे गए हैं ?

(क) साफ (ख) बेचैन

(ग) सपाट (घ) सुन्दर



www.mseducationtv.com

(v) सीधी बात किसके चक्कर में फँस गई ?

(क) ध्वनि के (ख) भाषा के

(ग) रीति के (घ) रस के

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

उस समय गिरने से बचाता है उन्हें
सिर्फ उनके ही रोमांचित शरीर का संगीत
पतंगों की धड़कती ऊँचाइयाँ उन्हें थाम लेती हैं
महज एक धागे के सहारे
पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं
अपने रंध्रों के सहारे।

**अथवा**

मेरा जो होता-सा लगता है, होता-सा संभव है
सभी वह तुम्हारे ही कारण के कार्यों का घेरा है,
कार्यों का वैभव है
अब तक तो जिंदगी में जो कुछ था, जो कुछ है
सहर्ष स्वीकारा है
इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है
वह तुम्हें प्यारा है।



www.mseducationtv.com

**3.** आलोक धन्वा ***अथवा*** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' के जीवन, रचनाओं एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौंदर्य लिखिए : 3

बहुत काली सिल जरा से लाल केसर से

कि जैसे धुल गई हो

स्लेट पर या लाल खड़िया चाक

मल दी हो किसी ने।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) 'बात सीधी थी पर' कविता का मूलभाव लिखिए।

(ख) बादल के क्रांतिकारी रूप का वर्णन कीजिए।

(ग) राम के प्रलाप का विश्लेषण कीजिए।

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 5 = 5

(i) शिरीष की बड़ी विशेषता क्या है ?

(क) दिव्यता (ख) मस्ती

(ग) भव्यता (घ) प्रगल्भता



www.mseducationtv.com

(ii) भक्तिन के ओंठ कैसे थे ?

(क) पतले (ख) मोटे

(ग) कटे-फटे (घ) अवर्णनीय

(iii) सफ़िया अपने को क्या कहती थी ?

(क) मुगल (ख) पठान

(ग) शेख (घ) सैयद

(iv) बालक चार्ली का मकान किसके पास था ?

(क) सिनेमा घर के (ख) दवाखाने के

(ग) कसाईखाने के (घ) मन्दिर के

(v) पंजाबी जमायत किसके पक्ष में थी ?

(क) काले खाँ के (ख) चाँदसिंह के

(ग) लुट्टन के (घ) छोटे सिंह के

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

शिरीष भी अवधूत है। शिरीष वायुमंडल से रस खींचकर इतना कोमल और कठोर है। गाँधी भी वायुमंडल से रस खींचकर इतना कोमल और इतना कठोर हो सका था। मैं जब-जब शिरीष की ओर देखता हूँ तब-तब हूक उठती है – हाय, वह अवधूत आज कहाँ है !



www.mseducationtv.com

**अथवा**

अँधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण सिसकियों और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने की चेष्टा कर रही थी। आकाश में तारे चमक रहे थे। पृथ्वी पर कहीं प्रकाश का नाम नहीं। आकाश से टूटकर यदि कोई भावुक तारा पृथ्वी पर जाना भी चाहता तो उसकी ज्योति और शक्ति रास्ते में ही शेष हो जाती थी।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) आदर्श समाज की कल्पना का चित्रण कीजिए। 4

(ख) चार्ली चैप्लिन की लोकप्रियता क्यों है ? 3

(ग) महादेवी वर्मा ने भक्तिन में क्या दुर्गुण देखे ? 3

**9.** ***'वितान' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) जॉन और मिस्टर क्लीमेन ने अज्ञातवास में भूमिगत व्यक्तियों की सहायता किस प्रकार की ?

(ख) मिस्टर डसेल के व्यक्तित्व का चित्रण कीजिए।

(ग) मोहनजोदड़ो के अजायबघर का वर्णन कीजिए।

(घ) मास्टर सौंदलगेकर के कविता-प्रेम का विवेचन कीजिए।

(ङ) किशनदा और यशोधर पंत की मित्रता की समीक्षा कीजिए।



www.mseducationtv.com

**10.** (क) ***अभिव्यक्ति और माध्यम*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

(i) रेडियो किस प्रकार का माध्यम है ?

(ii) 'राजस्थान पत्रिका' किस भाषा का समाचार-पत्र है ?

(iii) रंगमंच किस साहित्यिक विधा से सम्बद्ध है ?

(iv) आमतौर पर रेडियो नाटक की अवधि कितनी होती है ?

(ख) विशेष लेखन के किन्हीं ***दो*** क्षेत्रों का वर्णन कीजिए। 5

**अथवा**

साक्षात्कार की प्रक्रिया का विश्लेषण कीजिए।

(ग) 'रविवारीय हाट-बाजार' ***अथवा*** 'गरीब दुकानदार' विषय पर एक लघु लेख लिखिए। 6

**11.** (क) निम्नलिखित के यथानिर्देश उत्तर दीजिए : $1 \times 3 = 3$

(i) सिंधु + ऊर्मि (संधि कीजिए)।

(ii) चिदाकार (संधि विच्छेद कीजिए)।

(iii) परिणाम (संधि का नाम लिखिए)।



www.mseducationtv.com

(ख) निम्नलिखित के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1 × 3 = 3

(i) अनुचिंतन (समास का नाम लिखिए)।

(ii) अल्पाहार (समास का विग्रह कीजिए)।

(iii) बहुव्रीहि समास की परिभाषा लिखिए।

(ग) (i) मानवीकरण अलंकार की परिभाषा लिखिए। 1

(ii) 'हौले हौले जाती मुझे बाँध निज माया से' में अलंकार छाँटिए। 1

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) वह वापस लौट आया।

(ii) सोहन जल से पौधों को सींचता है।



www.mseducationtv.com